अमर उजाला 28/09/2025

# लोकनृत्य कालबेलिया से मोहा सबका मन



कॉलेज में कालबेलिया नृत्यक की प्रस्तुति देते राजस्थान के कलाकार। प्रवक्ता

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में शनिवार को संगीत (वोकल) एवं संगीत (इंस्ट्रूमेंटल) विभागों की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जोकि राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति व नृत्य कालबेलिया को समर्पित रहा। कॉलेज सभागार में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में राजस्थान के पारंपरिक लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ, इसके पश्चात राजस्थान के लोक कलाकारों ने अपनी पारंपरिक नृत्य शैलियों की शानदार झलक प्रस्तुत की। कलाकारों ने अपनी वेशभूषा, भाव-भंगिमाओं और लयबद्ध प्रस्तुतियों से दर्शकों को राजस्थान की रंग-बिरंगी सांस्कृतिक धरोहर से परिचित कराया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, भारतीय संस्कृति की जड़ें लोक कलाओं और परंपराओं में निहित हैं। संवाद